केक हाउस में भीषण आग, लाखों का नुकसान

अमनौर (आससे)। स्थानीय थाना के अमनौर बाजार में बीती रात सत्यम केक हाउस में भीषण आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग इतनी भयावह थी कि दुकान की दीवारों का प्लास्टर तक टूटकर नीचे गिर गया। दुकानदार के मुताबिक, दशहरा पूजा और सर्वोदय मेला के दौरान हुई बिक्री से जमा नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दरअसल, यह घटना अमनौर-भेल्दी मुख्य मार्ग पर स्थित अमनौर बाजार की है। यहां मेघनाथ प्रसाद कुशवाहा के मकान में किराये पर चल रही सत्यम केक हाउस की दुकान में बुधवार देर रात आग लग गई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह बिजली का शॉर्ट सर्किट बताई जा रही



है। दुकानदार विश्वास कुमार ने बताया कि वह रोज की तरह दुकान बंद कर अपने किराये के आवास पर चले गए थे। इसी दौरान रात में फोन पर दुकान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह दौड़कर दुकान पहुंचे, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की तपिश से दीवारों का प्लास्टर भी टूटकर नीचे गिर गया। दुकान में रखे चार फ्रिजर, इन्वर्टर, बैटरी और अन्य सामान पूरी तरह जल गए। दुकानदार के अनुसार, दुकान में रखी नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई। उन्होंने बताया कि दशहरा मेला के दौरान पिछले तीन-चार दिनों में हुई बिक्री से जमा रुपये दुकान में रखे थे, जो जलकर राख हो गए. दुकानदार का कहना है कि आग में कुछ भी नहीं बचा है और उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर अमनौर 112 की पुलिस टीम और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई, लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

सारण शिक्षक निर्वाचन के लिये आज मतदान

पांच जिलों में बनाए गए 98 मतदान केंद्र, 18 प्रत्याशी मैदान में

छपरा (आससे)। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव के लिए शुक्रवार, 23 अक्टूबर को मतदान होगा। जिला प्रशासन ने मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए मतदान दलों, दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक बैलेट पेपर के माध्यम से होगा। मतगणना 27 अक्टूबर को छपरा स्थित राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगी।इस चुनाव में पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, गोपालगंज और सारण जिले के कुल 10,731 शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 8,877 पुरुष और 1,854 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए पश्चिम चंपारण में 18, पूर्वी चंपारण में 27, सीवान में 19, गोपालगंज में 14 और सारण में 20 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान कर्मियों को निष्पक्षता बरतने का निर्देश जिला प्रशासन के अनुसार, मतदान कर्मियों को निर्वाचन आयोग के



दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने को कहा गया है। मतदान केंद्रों पर सुबह 7:30 बजे मॉक पोल होगा, जबकि आठ बजे से वास्तविक मतदान शुरू होगा। मतदाताओं की पहचान निर्धारित नियमों के अनुसार की जाएगी। मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, मतपेटियों की सुरक्षा और मतदान सामग्री को सुरक्षित तरीके से जमा कराने पर विशेष जोर दिया गया है। मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भीड़ जुटाने और राजनीतिक दलों अथवा प्रत्याशियों के बूथ लगाने पर रोक रहेगी। किसी भी तरह की समस्या होने पर संबंधित दंडाधिकारी या वरीय पदाधिकारी से संपर्क करने का निर्देश दिया गया है।सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें एक उम्मीदवार राम पुकार सिंह द्वारा जदयू को अपना समर्थन दिया गया है चुनाव मे जदयू के इंजीनियर आनंद पुष्कर, राजद के जयराम यादव और जन सुराज पार्टी के आफाक अहमद प्रमुख प्रत्याशी हैं। इनके अलावा प्रियांशु कुमार कश्यप, विद्यासागर विद्यार्थी, मनोहर कुमार श्रीवास्तव, सैयद नजमुल होदा, डॉ. राहुल राज, राम पुकार सिन्हा, इमाम हसन, लालू प्रसाद यादव, नाजीर हुसैन, हिमांशु शेखर, प्रदीप कुमार, रमेन्द्र राय, नुमान अहमद खान नजमी, कैलाश तिवारी और बैतुल्लाह अंसारी भी चुनाव मैदान में हैं।

इनमें एक प्रत्याशी ने जदयू प्रत्याशी आनंद पुष्कर को समर्थन दिया है।जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है। किसी भी आवश्यक सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06152-242444 पर संपर्क किया जा सकता है।



सड़क हादसा में युवक की मौत, दो युवती समेत चार गम्भीर रूप से घायल

छपरा (आससे)। छपरा-सिवान मुख्य मार्ग स्थित कोपा थाना क्षेत्र में तीन बाइकों की टक्कर में जहां एक युवक की मौत मौके पर हो गई, वहीं दो युवती समेत चार लोग घायल हैं, जिनका उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है.मृत युवक की पहचान कोपा थाना क्षेत्र के सम्होता मठिया गांव निवासी स्वर्गीय मुकेश यादव के 25 वर्षीय पुत्र दिव्यांशु कुमार यादव के रूप में की गई है, जबकि घायलों में मांझी थाना क्षेत्र निवासी 18 वर्षीय सूरज कुमार यादव, कोपा सम्होता निवासी 22 वर्षीय चंदन कुमार यादव तथा 24 वर्षीय अंकित तिवारी, 25 वर्षीय शिखा एवं 23 वर्षीय शिवानी शामिल है.हालांकि दुर्घटना के बाद कोपा थाना पुलिस ने सभी घायलों को उठाकर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक के द्वारा दिव्यांशु को मृत घोषित कर दिया गया. अन्य घायलों का उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है. उपचार के क्रम में चंदन यादव को निजी एंबुलेंस से प्राइवेट अस्पताल में पहुंचाया गया है.

युवक को मारी गोली, गोरखपुर रेफर

मशरक(आससे)। मशरक के ब्राहिमपुर गोपी महुआरी टोला गांव में एक युवक को सर में गोली मारने पर बेहतर इलाज के लिए सिवान सदर अस्पताल से गोरखपुर रेफर कर दिया गया,जहा इलाज के दौरान उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर एसपी ग्रामीण संजय कुमार और डीएसपी संजय कुमार सुधांशु के द्वारा दल बल के साथ पहुंच मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। घायल ब्राहिमपुर गोपी महुआरी टोला गांव निवासी संजीव कुमार सिंह का 21 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार सिंह उर्फ सिंटू हैं। घायल ने इलाज के दौरान गोली मारने वाले का नाम विकू बताया है। जिसका विडियो परिजनों के द्वारा रिकार्ड किया गया है। परिजनों में चाचा रौशन कुमार ने बताया कि घायल प्रियांशु पटना में बीबीए की पढाई करता है दुर्गा पूजा की छुट्टी में गांव आया था। गांव के ही कुछ लड़कों के द्वारा दुर्गा पूजा समाप्ति के बाद पार्टी में उसे बुलाया गया था। रात्री एक बजें के लगभग गांव के ही लड़कों ने घर आकर सूचना दी कि प्रियांशु को गोली लगी है और इलाज के लिए सिवान ले जाया गया हैं जहां चिकित्सक ने सर में गोली लगे होने और गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के गोरखपुर रेफर कर दिया है। घायल दो भाईयों छोटा है।

मोबाइल दुकान चोरीकांड का खुलासा, 134 मोबाइल बरामद, तीन गिरफ्तार

छपरा। सारण पुलिस ने सहाजितपुर थाना क्षेत्र में मोबाइल दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल 134 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इसके अलावा चांदी एवं पीतल के 114 आभूषण, एक मोटरसाइकिल और चोरी में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण भी जब्त किए गए हैं।पुलिस के अनुसार, 15 अक्टूबर की रात दुकान बंद कर घर जाने के बाद चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल फोन चोरी कर लिए थे। अगले दिन दुकानदार ने सहाजितपुर थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2, एकमा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने आसूचना संकलन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए झारखंड की राजधानी रांची से 132 मोबाइल फोन बरामद किए और दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। इसके बाद गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर दो अन्य मोबाइल फोन, 114 आभूषण, एक मोटरसाइकिल, एक ग्राइंडर मशीन, एक प्लास, एक पेचकस, 13 ग्राइंडर ब्लेड, दो बैटरी और एक चार्जर बरामद किया गया। इस कार्रवाई में तीसरे आरोपित को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के मजगवां निवासी शिवा, सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र के कवलपुरा निवासी धीरज कुमार और नंदन कुमार सिंह के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में सहाजितपुर थानाध्यक्ष सहित थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी तथा सारण की जिला आसूचना इकाई (डीआईयू) की टीम शामिल रही।

पटेढ़ी शिव मंदिर में चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

मढ़ौरा (ससु)। मढ़ौरा थाना क्षेत्र के पटेढ़ी स्थित शिव मंदिर में बीती रात चोरों ने धावा बोलकर दानपेटी तोड़ दी और उसमें रखी नकदी समेत मंदिर के कई सामान चुरा लिए। चोर मंदिर में भजन-कीर्तन के लिए रखा एम्पलीफायर, पीतल की झाल की कई जोड़ियां और अन्य सामान भी अपने साथ ले गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है। गुरुवार सुबह लोगों को चोरी की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि घटना के समय मंदिर के पुजारी कृष्णा बाबा वहां मौजूद नहीं थे।मंदिर के सचिव अनिल कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की घटना से लोगों में काफी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र के कई मंदिरों और घरों को चोर निशाना बना रहे हैं, जिससे इलाके में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी करने की मांग की है।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना सं. SPJW-28-TRAVERSER-SST-D.
भारत के राष्ट्रपति के लिए उप्पर डगवाने और से मुद्रण कारखाना प्रबन्धक, पुल, रेल, समस्तीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी और विशेष रूप से सक्षम निविदाकर्ता से भारतीय रेलवे के IREPS पोर्टल पर ई-निविदा माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित किए जाते है.-
1. कार्य का नाम : मार्शिक कारखाना समस्तीपुर में सर्वसेवा ट्रैवर्सर (क्षमता – 35 टन) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग तथा मौजूदा पिट शाहत ट्रैवर्सर शाहत को रायबरेली शाहत ट्रैवर्सर में परिवर्तित करने के लिए सिविल कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत : ₹1,50,26,941.35, 5 वर्षात की राशि : ₹3,14,500.00, 4 निविदा बंद खोले की तारीख और समय- 17.11.2026 15:00 Hrs. 5. ई निविदा के लिए वेबसाईट का विवरण, जहाँ पूर्ण विवरण देखा जा सकता है, इन्फॉर्मेशन : www.irepe.gov.in
मुख्य कारखाना प्रबन्धक/
मुद्रण/रायबरेलीपुर
पीआर/1165/एसजीजे/या./टी/26 27/32

पूर्व के विवाद में युवक को पिटा, पांच पर एफआईआर

तरैया। थाना क्षेत्र के भलूआ शंकरडीह गांव में पूर्व के विवाद में बाइक सवार कुछ युवकों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया है। घायल गौतम राय का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया ने हुआ है। इस संबंध में घायल ने स्थानीय थाने में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें भलूआ शंकरडीह के मिथलेश राम तथा हरखपुरा गांव के सुभाष कुमार,दिलीप पासवान,नितेश यादव एवं मनु कुमार को आरोपित किया गया है। पीड़ित का कहना है कि वह तरैया बाजार से सब्जी लेकर जा रहा था,उसी दौरान शिवशंकर राय के घर के समीप अपने मित्र से बात कर रहा था,तभी उक्त लोग बाइक पर सवार होकर आए और मारपीट कर घायल कर दिए।मारपीट के दौरान दस हजार रुपए और सोने की सिकरी छिन लेने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रहा है।

मारपीट कर युवक को किया घायल, पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

मढ़ौरा (ससु)। मढ़ौरा में दशहरा मेला देखने गए 20 वर्षीय युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला करने और जेब से तीन हजार रुपये छीनने का मामला सामने आया है। घटना में मढ़ौरा खास वार्ड संख्या 15 निवासी बिल्लू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने मढ़ौरा थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। बिल्लू कुमार ने बताया कि 20 अक्टूबर 2026 को वह दशहरा मेला देखने गए थे। इसी दौरान बरदहिया हाई स्कूल के पास एक चाय की दुकान पर मुन्ना कुमार उर्फ डीएम, विनोद राय, प्रिंस कुमार, सूरज साह, गोलू यादव और सूरज यादव ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि सभी ने उनके साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान उनकी जेब से तीन हजार रुपये भी निकाल लिए गए। घटना के बाद चीख-पुकार सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से घायल बिल्लू कुमार को मढ़ौरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज कराया गया।मढ़ौरा थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को आवेदन मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अलग-अलग घटनाओं में हुई मारपीट में एक दर्जन घायल

तरैया। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जमीनी विवाद सहित अलग-अलग घटनाओं को लेकर हुई मारपीट में एक दर्जन लोग घायल हो गए है।गुरुवार को सरेया रत्नाकर में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में मीना देवी,रूबी कुंवर,सुनैना देवी,जितेन्द्र कुमार साह,रिंकू देवी, फूलपती देवी एवं लालपती देवी घायल हो गई है।तरैया में लभली कुमारी एवं उसकी मां रेणु देवी तथा रिंकू देवी,मुरलीपुर में सतनदेव साह एवं नेवारी के मोतीलाल राय अलग-अलग घटनाओं को लेकर हुई मारपीट में घायल हो गए है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। घायलों द्वारा अलग-अलग शिकायत प्रतिवेदन स्थानीय थाने में दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मशरक में कागज की गड्डी थमाकर 16 हजार की ठगी

मशरक (आससे)। अस्पताल चौक के पास ठगों ने एक महिला को रूपए जमा करने का झांसा देकर कागज के बंडल के बदले 16 हजार रुपये ठग लिये। ठगी का शिकार महिला इसुआपुर थाना क्षेत्र के लौवा सढवारा गांव निवासी प्रेमा मांझी ? की पत्नी पन्ना देवी हैं। महिला ने बताया कि महावीर चौक अवस्थित सेंट्रल बैंक की की शाखा से रुपये निकालकर बाहर निकली । बैंक से निकलने के बाद दो ठग उनका पीछा करने लगे। कुछ दूर जाने के बाद ठगों ने उन्हें अपनी बातों में उलझा लिया और बोला कि उसके पास नोटों की गड्डी हैं उसे वह बैक में जमा करा दें। उसी दौरान उसे नोटों की गड्डी थमा दी और उसका रूपया ले लिया और फरार हो गए। महिला ने जब बंडल खोला तो उसमें कागज की गड्डी थी और ऊपर एक पांच सौ रुपए का नोट था।

पूर्व मध्य रेल
ई-ऑक्शन सूचना
ई-ऑक्शन सूचना सं. :- कॉम/विक्रयान/सीएनआर/20 भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:
1. कार्य का नाम: गाड़ी सं. 13237/38 एवं 13239/40 (पटना-कोटा एक्सप्रेस) एवं दानापुर मंडल के रेलवे ट्रेनों के 21 पेक (कुल 126 सीटों) के पानी बिसलेरी के बोतली डिब्बों पर पूर्व निर्धारित रेटिंग के साथ दो विज्ञापन प्रदर्शन। 2. अनुबंध की अवधि : 24 माह, 3. कैटलॉग संख्या : लागू एडीवीटी नोटिफाई, 4. लॉट संख्या : (i) एडीवीटी-दूरदर्शन- 330874-2-26-2 (ii) एडीवीटी-दूरदर्शन- 154437-1-26-3, 5. ई-नीलामी की तिथि व समय : (i) दिनांक : 02.11.2026 को 12:00 बजे से 12:30 बजे तक लॉट संख्या (एडीवीटी-दूरदर्शन- 330874-2-26-2) के लिए ई-नीलामी होगी (ii) दिनांक : 02.11.2026 को 12:10 बजे से 12:40 बजे तक लॉट संख्या (एडीवीटी-दूरदर्शन-154437-1-26-3) के लिए ई नीलामी होगी (प्रत्येक सहभागिता की अवधि 30 मिनट होगा)। 6. वेबसाईट जहाँ ई-ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in
मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/दानापुर
पीआर/1158/डीएनआर/या./ईएन/26-27/36



Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल
मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन • शंका या भ्रम • मिर्गी आना • बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन
• आत्महत्या की इच्छा • बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना • अकारण घबराहट, बेचैनी • डिप्रेशन / एंजायटी
बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में पिछड़ जाना • मंद बुद्धि • याद नही करना/ याददाश्त में कमी
नशे की समस्या
शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक
सर दर्द माइग्रेन
नस रोग संबंधित समस्या
सेक्स संबंधित समस्या
डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पता: HIG X-9, आशियाना नगर, मेन रोड, ऑपोजिट जगत एनक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।

Expert Care for a Healthier Tomorrow
Healwell Hospital
Nurturing Kidneys, Enhancing Lives!
A Unit of Shree Ram Chandra Urology Centre
Kidney Care
Advanced Technology
Urological Treatments
Compassionate Care
Healthy Kidneys Brighter Tomorrows
Expert Urological Care for a Better, Healthier Life.
Dr. Vijay Shankar Prasad Singh (Urologist & Kidney Expert)
MBBS, MS (Gold Medalist), DNB (General Surgery)
FMAS, DrNB (Urology)
Kidney Stone Treatment • Prostate Care
Urinary Tract Infections (UTI) • Andrology & Male Health
Laparoscopic Urology
Address : P. K. Complex, Beside Central Bank, Rukanpura, Patna-14
Contact : 7481912333, 9204089636

PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre
डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नही लगना, वजन नही बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फुलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं ह्रदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता – NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड, P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KARDUNA, JEHANABAD 804417
Purpose Course
MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
सीट उपलब्धता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lib.Sc
Lab Instructor		DCA / BCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर भेज करे। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी
Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304687459, 9334074905